बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा

आवश्यक सूचना

60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा रविवार, दिनांक 12.02.2017 को एकल बैठक (12.00 बजे मध्याह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक) में बिहार राज्य के 35 जिलों के कुल 390 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित हो रही है। इस परीक्षा के सफल एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई की गई है। **उक्त परीक्षा में अभ्यर्थी को परीक्षा भवन में मोबाइल, ब्लूटूथ, वाई–फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर इत्यादि जैसी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा whitener, eraser एवं blade जैसी सामग्री भी ले जाने की अनुमति नहीं है।**

परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी के पास उपर्युक्त वर्णित किसी भी प्रकार की सामग्री/उपकरण पाये जाने पर बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी एवं ऐसे अभ्यर्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षाओं के साथ ही अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होनेवाली परीक्षाओं से भी वंचित किया जा सकता है।

सचिव,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना